## महत्वपूर्ण एवं खास

### जुआ खेलते नगर पालिका के एल्डरमैन और 7 सफेदपोश गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** भाटापारा के सरकारी विश्राम गृह में मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस ने छापा मारा। तब किसी ने सोचा भी नहीं था की मंच पर बड़ी बड़ी बातें करने वाले सत्ताधारी लोग जुआ खेलते पकड़े जाएंगे। इस हाई प्रोफाइल छापामारी में नगर पालिका के एल्डरमैन के साथ साथ अलग अलग पद में रहने वाले 7 सफेदपोश लोग जुआ खेलते पकड़ाए। आरोपियों के कब्जे से 28140रुपये एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। एसडीएम लवीना पाण्डे ने विश्राम गृह के प्रभारी इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी कर अपनी जिम्मेदारी निभा ली। लेकिन सवाल ये उठता है की कार्रवाई किसपे क्या होगी। क्योंकि ये मामला उन रसूखदारों का है जो ऐसे मामलों में पकड़े गए छुटपुट लोगों को छुड़ाने अक्सर थाने पहुँच जाया करते हैं।

### जेल से भागा अपहरण का आरोपी, अब तक सुराग नहीं

**बिलासपुर (आरएनएस)।** अपहरण के आरोप में अजीवन कारावास की सजा काट रहा बंदी शनिवार शाम को सेंट्रल जेल की गौशाला से फरार हो गया। जेल प्रबंधन को घटना की जानकारी लगते ही सिविल लाइन थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। जेल से फरार आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है लेकिन उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस के अनुसार रायगढ़ जेल में बंद सत्यम दास महंत (30) निवासी छाल रायगढ़ अपहरण व पास्को एक्ट के अपराध में दाखिल हुआ था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एटीसी ने धारा 363,366,368,34 व 4 पास्को एक्ट के तहत 15 जनवरी 2016 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। जेल में सत्यम दास महंत को पेंटिंग का काम दिया गया था। जेनेवा गौशाला की पेंटिंग बनाने के लिए शाम हो गया था। संत्री भी गौशाला में उपस्थित थे। शाम को 6:00 बजे संतों ने जब सत्यम दास को नहीं देखा तो आसपास खोजना शुरू किया।

### प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में शुष्क हवाएं आने के कारण आज मौसम शुष्क रहा, वहीं 9 नवंबर को भी मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में शुष्क हवाएं आ रही है, जिससे प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। उन्होंने बताया कि शुष्क हवाओं के कारण 9 नवंबर को भी मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमानों में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। श्री चंद्रा ने बताया कि दक्षिण छग में 10 नवम्बर से न्युनतम और अधिकतम तापमान में वृद्धि होने सम्भावना है जबकि उत्तर छग में भी न्युनतम और अधिकतम तापमान में 11 नवम्बर से वृद्धि सम्भावित है।

### बड़े भाई की पिटाई, मामला दर्ज

**कोरबा (आरएनएस)।** बालकोनगर थाने के रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ओमपुर में निवासरत दो छोटे भाईयों ने मिलकर मोबाइल के रुपए के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में बड़े भाई की कल सुबह जमकर पिटाई कर दी। जानकारी के अनुसार गोपाल खैरवार उम्र 40 पिता शंकर खैरवार ओमपुर बस्ती में निवासरत है। उसके दो छोटे भाई नारायण खैरवार उम्र 35 तथा लक्ष्मी खैरवार उम्र 30 ने कल सुबह 10 बजे के लगभग मोबाइल व रुपए के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में जमकर पिटाई कर दी। इस घटना की जानकारी देते हुए दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराये जाने पर प्रार्थी गोपाल खैरवार की रिपोर्ट पर रजगामार चौकी पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 294, 506, 323, 34 भादवि के तहत एकराय होकर मारपीट किये जाने का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण में विवेचना शुरू कर दी है।

# नाहाए खाए के साथ सूर्य आराधना का पर्व छठ पूजा प्रारंभ

## छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में भी होती है पूजा



**रायपुर।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा 2021 की शुरुआत नहाए-खाए के साथ सोमवार से हो गया है। छत्तीसगढ़ में भी इस मौके पर पूरे में कद्दू-भात खाने की परंपरा है. इस दौरान सबसे पहले छठ व्रती भगवान भास्कर का स्मरण कर भोग लगाती हैं। इसके बाद ही अन्य लोग इसका सेवन करते हैं. छठ व्रती बड़ी तादाद में गंगा स्नान कर इस व्रत की शुरुआत करते हैं. इस दौरान मिट्टी के बरतन और चूल्हे का बड़ा महत्व होता है. गेहूं धोकर पूरी पवित्रता के साथ उसे सुखाया जाता है, फिर जाते में उस गेहूं को पीसा जाता है. उसी आटे का पकवान बनाकर भगवान भास्कर को अर्पित किया जाता है. बता दें कि घरों की छतों पर गेहूं सूखने के दौरान पवित्रता का पूरा खयाल रखा जाता है।

इस छठ पूजा 8 नवंबर से प्रारंभ हो रहा है. इस तरह 9 नवंबर को खरना होगा. इस दिन छठ व्रती के साथ पूरा परिवार दूध-भात, गुड़ और केले का सेवन करते हैं। इसके बाद 10 नवंबर को अस्ताचल सूर्य देवता को पहले अर्घ्य दिया जाता है. इसके अगले दिन यानी 11 नवंबर को अहले सुबह उगते हुए सूर्य को अंतिम अर्घ्य दिया जाता है।

सुबह के अर्घ्य के साथ ही छठ महापर्व का समापन होता है. बता दें कि छठ महापर्व के मौके पर पूरे बिहार का माहौल भक्तिमय हो जाता है.

**4 दिवसीय महापर्व में स्वच्छता का है काफी महत्व-** चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत हो चुकी है. इस मौके पर नदी, नहर, तालाब आदि को साफ किया गया है, ताकि घाटों पर छठ व्रती पूजा-पाठ कर सकें. कोरोना संक्रमण के चलते आमलोगों और श्रद्धालुओं से विशेष सतर्कता बरतने का अनुरोध किया गया है. प्रशासन के स्तर पर भी इसका खास ख्याल रखा जा रहा है. छठ महापर्व कोविड प्रोटोकॉल के तहत मनाया जाए इसको लेकर व्यापक पैमाने पर तैयारी की गई है. वहीं, स्थानीय प्रशासन कई टीमें बनाकर इस पर विशेष ध्यान रख रहा है।

# इंद्रावती नदी में डूबे 2 एनएमडीसी कर्मचारियों का शव हुआ बरामद


## दोनों कर्मचारियों के परिवार के महिलाओं बच्चों सहित 10 लोग गये थे पिकनिक मनाने



**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के बारसुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सातधार पुल के नीचे इंद्रावती नदी तट पर पिकनिक मनाने गए किरंदुल के दो एनएमडीसी के कर्मचारी प्रदीप दत्ता और संजय राय शाम लगभग 05 बजे के आसपास इंद्रावती में डूब गए। इसकी सूचना पर पुलिस व बचाव दल की टीम मौके पर पहुचकर दोनों की तलाश गोताखोरो की टीम के द्वारा किया जाता रहा लेकिन शव बरामद नही हुआ है, अंधेरा होने से सुबह पुनः गोताखोरो की टीम प्रयास में जुट गई जिसके बाद दोनो एनएमडीसी कर्मचारी का शव आज बरामद कर लिया गया है। इसकी पुष्टि दंतेवाड़ा एसपी डॉ.अभिषेक पल्लव ने किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एनएमडीसी में कार्यरत दोनों कर्मचारी अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने सातधार इंद्रावती नदी तट पर गए थे। दोनों कर्मियों के परिवार के महिलाओं बच्चों समेत 10 लोग सातधार इंद्रावती नदी तट पर गये थे। तभी एक एनएमडीसी का कर्मचारी नहाने गया और डूबने लगा जिसे बचाने के लिए दूसरे कर्मचारी ने कोशिश की और नदी में उतरा जिसके बाद दोनों एनएमडीसी के कर्मचारी इंद्रवती नदी में डूब गए।

# कुटरचित दस्तावेज तैयार कर लाखों की ठगी,एक महिला सहित चार के खिलाफ अपराध दर्ज




**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर में कुटरचित दस्तावेज तैयार कर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने मुआवजे के 33 लाख रुपये का गबन कर लिया। माना थाना पुलिस ने धोखाधड़ी, आइटी एक्ट सहित अन्य गभीर धाराओं के तहत अपराध कायम किया गया है।

माना थाने में प्रार्थी मनोहर सुराना ने रिपोर्टर दर्ज करवाई। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि श्रेयांस सुराना द्वारा विक्रम तलरेजा के साथ मिलकर षड्यंत्र रचकर नरेश कुंजाम को मनोहर सुराना बनाया। मनोहर सुराना के आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आइडी में नरेश कुंजाम का फोटो लगा कर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा टेमरी में खाता खोला गया। मनोहर सुराना का फर्जी खाता खोलकर नेशनल हाइवे अथारिटी आफ इंडिया का चेक प्राप्त कर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा टेमरी माना के जमाकर 33 लाख रुपये निकाल लिए गए।

प्रार्थी को तेलीबांधा स्थित जमीन की मुआवजा राशि 33,01,650 रुपये चेक से आनी थी।जिसकी जानकारी मनोहर को नहीं थी।खाते से टीडीएस कटने पर पता चला कि प्रार्थी के नाम का चेक आया था। जिसे फर्जी तरीके से नरेश कुमार कुंजाम द्वारा प्राप्त कर ग्राम टेमरी सेंट्रल बैंक आफइंडिया में मनोहर के नाम का खाता खोलकर खुद हस्ताक्षर कर राशि निकाल ली गई। आरोपियों ने पहले मनोहर के नाम से सारे दस्तावेज तैयार किए। इसके बाद नेशनल हाइवे अथारिटी आफ इंडिया (एनएचएआइ) के कार्यलय से फर्जी दस्तावेज दिखाकर चेक प्राप्त कर लिया। इसके बाद खुद के द्वारा खुलवाए गए खाते में चेक लगाकर पैसे निकाल लिए। पुलिस ने श्रेयांस सुराना, नरेश कुंजाम, विक्रम तलरेजा और डिंपल साहू के खिलाफ अपराध कायम किया गया है।

# हिंसक जानवर आने की खबर से पुलिस पहुंची तो आंगन में मिला मगरमच्छ



**कोरबा (आरएनएस)।** आधी रात को हिंसक जंगली जानवर तेंदुआ या बाघ के घर में घुस आने की सूचना भयाक्रांत गृहस्वामी द्वारा दिए जाने पर डायल 112 में पहुंची पुलिस तो आंगन में 8 फीट लंबा विशालकाय मगरमच्छ मिला। जिसे रेस्क्यू कर पेड़ में बांध दिया गया। आज सुबह उसे वन विभाग द्वारा खूंटाघाट जलाशय में सुरक्षित छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार पाली थाना में रात्रि 1.30 बजे के लगभग नाइट शिफ्ट में प्रधान आरक्षक अश्वनी निरंकारी अपने मातहतों के साथ कर्तव्य निर्वहन में व्यस्त थे। उसी समय पाली थाना से 15 किमी दूर ग्राम पंचायत परसदा के आश्रित ग्राम सिल्ली निवासी रामप्रसाद रोहिदास उम्र 40 एवं उसके पड़ोसी ने मोबाइल से पाली थाना के डायल 112 को सूचना दिया कि उसके घर में हिंसक जंगली जानवर घुस गया है। जिसके सांस लेने की आवाज से पूरे परिवार के लोग भयभीत होकर अपने.अपने कमरे से निकलकर इधर-उधर भागते हुए पड़ोसियों के घर शरण ले रखे हैं। रात में जंगली जानवर कुछ भी भयावह अप्रिय हादसा कर सकता है। इसलिए जल्दी से जल्दी पुलिस विभाग के मदद की जरूरत है।

बताया जाता है कि इस सूचना के बाद प्रधान आरक्षक निरंकारी ने वन विभाग के अमले को भी सूचना दिया। लेकिन पाली स्थित वन विभाग के अधिकारी.कर्मचारी जब किसी तरह का संतोषजनक उत्तर नहीं दिए। जिसके बाद प्रधान आरक्षक निरंकारी अपने मातहत आरक्षक अमित कुर्रेए व संजू श्रीवास को लेकर डायल 112 से रात्रि 2 बजे के लगभग घटना स्थल पहुंचे। वहां टॉर्च की रोशनी जलाकर देखा गया तो 8 फीट लंबा विशालकाय मगरमच्छ आंगन में विचरण कर रहा था। जिसे जान पर खेलकर प्रधान आरक्षक ने मोटे रस्से का फंद्दा बनाकर उसे फंसाया और पास स्थित एक पेड़ में घसीटकर ले जाकर बांध दिया। जिसके बाद रोहिदास परिवार एवं उसके पड़ोसियों ने राहत की सांस ली। आज सुबह वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ग्राम सिल्ली पहुंचे तो पाली पुलिस ने उक्त मगरमच्छ को उन्हें सौंप दिया। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारियों द्वारा रेस्क्यू किये गए मगरगच्छ को खूंटाघाट जलाशय में छोड़ दिया गया।

ग्राम पंचायत परसदा सिल्ली में इन दिनों विरेंद्र सिदार सरपंच है जबकि उसी गांव में वहां का कोटवार रवि महंत भी निवासरत है। इन दोनों को प्रभावित परिवार रामप्रसाद रोहिदास एवं पड़ोसियों द्वारा बार-बार मदद एवं पुलिस तथा वन विभाग को सूचना दिए जाने की गुहार लगाए जाने के बाद भी उसे अनसुना कर दिया। जिससे कि इन दोनों की लापरवाही उजागर होने की जानकारी परिलक्षित होती है। वहीं आज सुबह मगरमच्छ को वन विभाग के अधिकारियों को सौंपने के समय ये दोनों वहां विलंब से पहुंचने के बाद भी अपने को जागरूक होने का स्वयं ही लोगों को प्रमाण दे रहे थे।

# अनियंत्रित यात्री बस पलटी 25 यात्री घायल 5 गंभीर



**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के थाना कोतवाली अंर्तगत एनएच 30 में ग्राम मेटावाड़ा के पास आज सुबह करीब 03 बजे के तेज रफ्तार अनियंत्रित यात्री बस पलट गई, इस दुर्घटना में बस में सवार 40 यात्रियों में करीब 25 यात्री घायल हो गये जिसमें से 05 यात्रियों को गंभीर चोट लगी है। सभी घायलों को उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया है।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि महेंद्रा ट्रेवल्स की बस रात को रायपुर से जगदलपुर के लिए निकली थी, सुबह करीब 03 बजे के ग्राम मेटावाड़ा के पास चालक द्वारा मोड़ में वाहन नियंत्रण नहीं कर पाया, और सड़क से नीचे पलट गई, इस घटना में बस में सवार 40 यात्रियों में करीब 25 लोग घायल हो गए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस के साथ ही डायल 112 की टीम भी मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को मेकाज ले जाया गया है, घायलो का उपचार मेकाज में जारी है।

# अकलतरा ब्लाक कांग्रेस सचिव का पंखे से लटकता मिला शव, क्षेत्र में सनसनी



**जांजगीर (आरएनएस)।** जिले के अकलतरा ब्लॉक कांग्रेस की सचिव अंबिका बाई यादव (35) पत्नी सखाराम यादव की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उनका शव घर के ही कमरे में सोमवार सुबह पंखे से लटका मिला है। दो दिन से घर में कोई नहीं था। सुबह मोहल्ले के बच्चों ने खिड़की से देखा तो घटना का पता चला। इसके बाद उन्होंने परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। अभी तक मौत का कारण स्पष्ट नहीं है।

जानकारी के मुताबिक, नैला क्षेत्र के परसदा निवासी अंबिका बाई रविवार को तिलाई गांव में कांग्रेस की बैठक में शामिल होने के लिए गई थीं। इसके बाद घर लौट आई। उनके पति सखाराम यादव रायपुर में नौकरी करते हैं। वह दीपावली पर घर आए थे, फिर लौट गए। उनके दोनों बच्चे भी रिश्तेदारी में घूमने के लिए गए हुए हैं। सुबह अंबिका बाई मौत की जानकारी लोगों को मिली। अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि उन्होंने खुदकुशी की या कोई और मामला है।

**घर में किराने की दुकान, बच्चे सामान लेने पहुंचे तो पता चला-** सचिव अंबिका बाई घर में ही किराने का दुकान चलाती थीं। सुबह जब आसपास के मोहल्ले के बच्चे किराना दुकान से सामान लेने पहुंचे तो दरवाजा बंद था। बच्चे काफी देर तक दुकान दरवाजा पीटते रहे, लेकिन नहीं खुला। इस पर बच्चों ने खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर पंखे से अंबिका बाई का शव लटक रहा था। इसके बाद आसपास के लोगों को पता चला और कोटवार को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**सखाराम की दूसरी पत्नी थीं, गांव में काफी सक्रिय रहतीं-** ग्रामीणों ने बताया कि अंबिकाबाई के प्रति सखाराम यादव ने दो शादियां की थी। पहली पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। उनसे एक बच्चा है। अंबिका बाई से भी सखाराम को एक बच्चा है। दोनों बच्चों का पालन अंबिकाबाई और सखाराम मिलकर करते थे। परसदा गांव की सरपंच सुनीता यादव ने बताया कि अंबिका बाई गांव में काफी सक्रिय रहती थीं। वह हर व्यक्ति के सुख दुख में शामिल होती थी। सार्वजनिक जगहों पर नशा करने वालों के खिलाफ महिला समूह के माध्यम से उन्होंने मोर्चा भी खोल रखा था।

SJU - Contact No. +91 9301915303 | E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** — इस संघ का गठनसमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी टाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य स्तर में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** — मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** — प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** — संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU